## खबर संक्षेप



### बूथ मजबूत तो संगठन मजबूतः विधायक

मैहर। सोनवारी मण्डल अंतर्गत ग्राम पंचायत बेल्दरा एवं डेल्हा में ऊर्जावान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ विधायक श्री कांत चतुर्वेदी जी ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। एवं विधायक श्री कांत ने अपने उद्बोधन मे कहा कि मेरा सदैव यह प्रयास रहता है कि बूथ स्तर के हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं का जिला संगठन के साथ सीधा और जीवंत संपर्क बना रहे। किसी भी संगठन की वास्तविक मजबूती और चुनावी विजय की नींव हमारे 'बूथ के योद्धा' ही होते हैं। बूथ मजबूत,तो संगठन मजबूत इस कार्यक्रम में कुलदीप तिवारी डेलहा सरपंच अभिषेक जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कुलगढ़ी जलाशय के पास झाड़ियों में बनाई जा रही थी महुआ की शराब





सतना। सतना पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था के शक्ति के निर्देश पर नागौद थाना अंतर्गत पोड़ी चौकी पुलिस ने परसमनिया पहाड़ के तलहटी में सघन सर्चिंग के दौरान कुलगढ़ी जलाशय के पास झाड़ियों में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की भट्टी 250 प्लास्टिक के डिब्बो में लगभग 5 क्विंटल महुआ लाहन,सहित शराब बनाने के संसाधन सिल्वर बर्तन सहित अन्य सामग्री को नष्ट किया गया है। बताया गया कि लंबे समय से इस इलाके में अवैध शराब निर्माण किया जा रहा था कुछ दिनों से हो रही कार्रवाइयों के चलते अवैध शराब बनाने वालों में भय का माहौल बना हुआ और अपने घरों में शराब निर्माण करने के बजाय दूर-दराज नालों एवं जंगल क्षेत्रों का सहारा ले रहे हैं ताकि कार्रवाई से बच सकें। चौकीप्रभारी आरपी वर्मा ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त कार्यवाहीं में उप निरीक्षक आरपी वर्मा (पोड़ी चौकी प्रभारी) प्रधान आरक्षक रामकिशोर कुशवाहा,प्र.आ.संतोष सिंह गहरवार की सराहनीय भूमिका रही है।

# 'जहरीले' तेल बेचने वालों की अब खैर नहीं! कलेक्टर ने खाद्य विभाग को सौंपा आधुनिक मीटर, 'गुप्ता समोसा' पर बड़ी कार्रवाई

**सतना। नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले अब प्रशासन के रडार पर हैं।कलेक्टर डॉक्टर सतीश कुमार एस ने खाद्य सुरक्षा विभाग को अत्याधुनिक टीपीएम मीटर उपलब्ध कराकर मिलावटखोरों और अस्वास्थ्यकर तेल का उपयोग करने वालों के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ दी है। इस तकनीक की मदद से अब मौके पर ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि दुकानों और होटलों में इस्तेमाल हो रहा तेल खाने लायक है या वह 'धीमा जहर' बन चुका है।**

### नामी संस्थान जांच के घेरे में

कलेक्टर के कड़े निर्देशों के बाद,अभिहित अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम ने शहर के प्रमुख व्यावसायिक ठिकानों पर दबिश दी।जांच के दौरान टीम ने केएफसी,रीवा रोड होटल USA इन,पन्ना रोड वीर सिनेमा,पन्ना रोड गुप्ता समोसा,पन्नारोड 'गुप्ता समोसा' का खराब तेल मौके पर कराया विनष्ट निरीक्षण के



दौरान सबसे बड़ी कार्रवाई पन्ना रोड स्थित 'गुप्ता समोसा' पर हुई। जब टीम ने TPM मीटर से समोसे तलने वाले तेल की जांच की,तो परिणाम चौंकाने वाले थे।तेल में पोलर कंपाउंड का स्तर 25% की निर्धारित मानक सीमा से कहीं अधिक पाया गया। अधिकारियों ने तत्काल सख्त रुख अपनाते हुए अस्वास्थ्यकर और जहरीले हो चुके तेल को मौके पर ही नष्ट करवाया। संचालक को अंतिम चेतावनी दी कि तेल को मानक स्तर गिरने से पहले ही बदलें।स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में




पुनः जांच की जाएगी और सुधार न मिलने पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी।


### क्यों 'जहर' बन जाता है बार-बार इस्तेमाल किया गया तेल?

वैज्ञानिक दृष्टि से जब कुकिंग ऑयल को उच्च तापमान पर बार-बार गर्म किया जाता है,तो उसमें टोटल पोलर कंपाउंड की मात्रा बढ़ जाती है। यह प्रक्रिया तेल को स्वास्थ्य के लिए घातक बना देती है। कैंसर का खतराः बार-बार उबलने वाले तेल में कार्सिनोजेनिक कंपाउंड्स और फ्री रेडिकल्स बनते हैं, जो DNA को नुकसान पहुंचाकर कैंसर (जैसे ब्रेस्ट,लंग और प्रोस्टेट कैंसर) को जन्म दे सकते हैं।हृदय रोगः री-यूज्ड ऑयल शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल और ट्रांस फैट बढ़ाता है,जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा रहता है।दिमाग पर असरः यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ाता है,जिससे अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी न्यूरो डिजेनरेटिव बीमारियां हो सकती हैं।लिवर और डायबिटीजःखराब तेल से लिवर एंजाइम असंतुलित होते हैं और शरीर में सूजन बढ़ती है।

### प्रशासन की चेतावनीः मानक मानें या लाइसेंस गंवाएं

खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे केवल गुणवत्ता पूर्ण तेल का ही उपयोग करें।तेल का स्तर गिरने पर उसे तुरंत बदल दिया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों पर न केवल न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए जाएंगे,बल्कि उनके लाइसेंस भी निरस्त किए जा सकते हैं।

# नामी डायग्नोस्टिक सेंटर की बड़ी लापरवाहीः पुरुष की सोनोग्राफी रिपोर्ट में लिख दिया 'गर्भाशय'





**सतना।** जिले से चिकित्सा लापरवाही का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शहर के एक प्रतिष्ठित डायग्नोस्टिक सेंटर ने एक पुरुष की सोनोग्राफी रिपोर्ट में उसे 'गर्भाशय' होने की पुष्टि कर दी। रिपोर्ट देखते ही युवक के होश उड़ गए और अब यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### क्या है पूरा मामला?

मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित डॉ.अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर का है। एक युवक अपने पेट में तकलीफ के चलते यहां सोनोग्राफी कराने पहुंचा था। जांच के बाद जब सेंटर ने उसे रिपोर्ट सौंपी,तो वह उसे देखकर हक्का-बक्का रह गया। रिपोर्ट में पुरुष शरीर के अंगों के बजाय महिला प्रजनन अंग यानी गर्भाशय का जिक्र किया गया था।

### नामी सेंटर पर उठे सवाल

बता दें कि डॉ.अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर सतना के सबसे पुराने और महंगे केंद्रों में से एक


SATNA DIAGNOSTIC CENTRE
ABHINAV DIGITAL X-RAY
SATNA CT SCAN CENTRE
Patient Name: [redacted]
Ref Phy: DR. ON REQUEST
USG ABDOMEN
Liver: Parenchymal echo texture homogenous. Mild echoic shape size margin normal. Intrahepatic biliary & portal vein radicals normal.
Gall Bladder: G.B lumen distended normally. Its wall echo pattern shape size normal. CBD- within normal limit.
Spleen: Normal
Para-aorta: Normal
Pancreas: Normal
Both Kidney: Shape size position pelvicalyceal system normal. Renal cortex & sinus echo normal.
Uterus: Antiverted. Echo texture homogeneous centre echo normal. No fluid seen in pouch of duglas. Both ovary normal
Urinary Bladder: Lumen normal.
Impression: Mild Fatty Liver
Dr. ABHINESH SARAF
Dr. ARVIND SARAF

माना जाता है। यहाँ विभिन्न जांचों के लिए मरीजों से भारी-भरकम फीस वसूली जाती है। इतने प्रतिष्ठित संस्थान में इस तरह की कॉपी-पेस्ट या तकनीकी लापरवाही ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पीड़ित युवक मीडिया के




सामने आने से बच रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग ने दिए जांच के आदेश

मामले के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला ने इस पर संज्ञान लेते हुए कहा सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ. अरविंद सराफ डायग्नोस्टिक सेंटर की इस लापरवाही का पता चला है। पुरुष की रिपोर्ट में गर्भाशय बताया जाना एक गंभीर विषय है। हमने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर सेंटर के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### लापरवाही की पराकाष्ठा

यह पहली बार नहीं है जब स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐसी चूक दिखी हो,लेकिन एक पुरुष की रिपोर्ट में गर्भाशय का उल्लेख करना रिपोर्टिंग के दौरान बरती गई घोर लापरवाही को दर्शाता है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस नामी सेंटर पर क्या कार्रवाई करता है।

# खेरमाई मंदिर में चोरी, माता के दो चांदी के मुकुट पार; पुलिस जांच में जुटी

**सतना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध खेरमाई मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर धार्मिक आस्था को ठेस पहुँचाई है। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर माता रानी के दो चांदी के मुकुट चोरी कर लिए हैं,जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।**



### श्रद्धालुओं के पहुँचने पर हुआ खुलासा

घटना की जानकारी मंगलवार सुबह उस समय हुई जब श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुँचे। मंदिर का ताला टूटा देख और माता के विग्रह से मुकुट गायब पाकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना मंदिर के सेवादारों और स्थानीय लोगों ने सिटी कोतवाली पुलिस को दी।

### पुलिस की जांच

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुँचा और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर और आसपास के रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इलाके के हिस्ट्रीशीटरों और पुराने अपराधियों



का रिकॉर्ड चेक किया जा रहा है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिरों को सक्रिय कर दिया गया है ताकि चोरों का सुराग जल्द मिल सके। सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा यह जन आस्था से जुड़ा मामला है,जिसे पुलिस ने पूरी गंभीरता से लिया है।हमारे पास कुछ महत्वपूर्ण सुराग हैं और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।



# नाबालिग से गैंगरेप के 3 आरोपी गिरफ्तार, जंगल में छिपे थे आरोपी

**सतना।** नाबालिग से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बंशीपुर निवासी विमलेश उर्फ टिर्रा कोल 20 वर्ष,मनीष कोल 18 वर्ष और भरौली,थाना अमदरा निवासी अजय कोल 20 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार,आरोपी विमलेश ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया,जबकि उसके दो साथियों ने पीड़िता के दोस्तों को पकड़कर रखा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें बनाईं थी घटना सामने आने के बाद मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमें बनाई गई थीं। जांच में पता चला कि वारदात के बाद तीनों आरोपी बाइक




से रामनगर की ओर भाग गए थे। इस दौरान साइबर सेल की मदद से एक आरोपी के मोबाइल की लोकेशन रामनगर के पास जंगल में मिली। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर वहां छापा मारा गया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और बाइक भी जब्त की है। मुख्य आरोपी विमल पर पहले से कई मामले पुलिस जांच में आरोपियों के मोबाइल फोन से घटना से जुड़े कुछ फोटो और वीडियो मिले हैं। हालांकि कई वीडियो डिलीट कर दिए गए थे,जिन्हें साइबर टीम रिकवर करने का प्रयास कर रही है।बताया गया है कि मुख्य आरोपी विमलेश के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पहले लूट के मामले में जेल जा चुका है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को घटना स्थल पर ले जाकर साक्ष्य भी जुटाए हैं।

# जनसुनवाईः कलेक्ट्रेट और नगर निगम में उमड़ी भीड़, अधिकारियों ने सुनी 109 आवेदकों की समस्याएं



**सतना। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्ट्रेट और नगर निगम कार्यालय में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।**

### कलेक्ट्रेट में 83 आवेदकों की हुई सुनवाई

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर विकास सिंह,सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य और डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा ने जिले भर से आए 83आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों ने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। शेष आवेदनों पर उचित कार्यवाही की टीप लगाकर उन्हें संबंधित शाखा प्रमुखों की ओर अग्रसरित कर दिया गया।

### नगर निगम में सुनीं शिकायतें

इधर,नगर निगम कार्यालय में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया,जहाँ डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। नगर निगम जनसंपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा ने बताया कि कुल 26 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हुए।विभागवार प्राप्त आवेदनों में पीएम आवास 06, निर्माण शाखा 06, अतिक्रमण 04, पेयजल 03, स्वास्थ्य शाखा 02, योजना शाखा 02, विद्युत 02 स्थापना 01, कुल 26 है। डिप्टी कमिश्नर ने कुछ मामलों में तत्काल समाधान के आदेश दिए,जबकि अन्य आवेदनों को त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को भेज दिया गया। अधिकारियों ने सभी आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 50 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 50 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# नितिन नवीन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं में भरेगा नई ऊर्जाः पंडित भगवती प्रसाद पांडेय




**नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान में सतना जिला कार्यालय में आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण**

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पदभार ग्रहण करने पर सतना जिला भाजपा कार्यालय में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

### संगठन को मिलेगी नई दिशा

भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने नितिन नवीन को बधाई देते हुए कहा कि उनके संगठनात्मक अनुभव और कार्यकुशलता से भाजपा को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। उन्होंने विश्वास जताया किः संगठन बूथ स्तर से लेकर शीर्ष तक और अधिक सशक्त होगा। कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। सांसद गणेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि नितिन नवीन का निर्विरोध निर्वाचन पार्टी के अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां नेतृत्व का चयन परिवार के आधार पर नहीं,बल्कि परिश्रम,समर्पण और राष्ट्र सेवा के आधार पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, प्रहलाद कुशवाहा,विनोद तिवारी,विमला पांडेय,सुधीर सिंह तोमर,जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता,विजय तिवारी आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी युवक गंभीर घायल



**पन्ना।** जिले के ग्राम गढ़ी करहिया के पास तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान लोकनाथ पिता राजाराम पटेल (उम्र 32 वर्ष) निवासी गढ़ी करहिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक तेज गति से बाइक चला रहा था, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय कटनी के लिए रेफर कर दिया गया। पूरे मामले की जानकारी मंगलवार की शाम 7:00 बजे प्राप्त हुई।

### ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस मौके पर गोदाम के बाह्य परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे सहित राजनैतिक दल से राजकुमार पटेल, राजेश कुमार गुप्ता, सुनील वर्मा एवं रमेश सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

### श्री राम कथा में हुआ नारद वाल्मीक संवाद



**पवई -** जगत जननी माता कलेही और भाटेश्वर सरकार की कृपा से अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पुरुषोत्तम पीठाधीश्वर स्वामी श्री 1008 श्री प्रमोद बिहारी दास जी महाराज खजुरी ताल बरा आश्रम के तत्वाधान में नगर एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से नगर की पवित्र पतने नदी के किनारे स्थित माता देवी मंदिर परिसर में विशाल श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है। जिसके अंतर्गत 20 जनवरी मंगलवार को नारद बाल्मीक संवाद , 21 जनवरी बुधवार को अयोध्यापुरी का वर्णन, 22 जनवरी गुरूवार को श्रीराम जन्मोत्सव ,23 जनवरी शुक्रवार को बाल लीलाओं का वर्णन एवं विश्वामित्र जी का आगमन , 24 जनवरी शनिवार को श्रीराम जानकी विवाहोत्सव , 25 जनवरी रविवार को रामवन गमन एवं सीताहरण, 26 जनवरी सोमवार को बालीवध एवं रामेश्वर स्थापना , 27 जनवरी मंगलवार को श्रीराम राज्याभिषेक एवं 28 जनवरी बुधवार को सार्वजनिक हवन एवं भण्डारा प्रसाद वितरण किया जावेगा। कथा के दूसरे दिन मंगलवार 20 जनवरी को श्रीराम कथा मे कथा प्रवक्ता प्रमोद विहारी दास महाराज ने नारद बाल्मीक संवाद का बड़ा ही मनोरम वर्णन सुनाया इस दौरान बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

### एलएलबी के छात्र ने की आत्महत्या



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम कमताना में सोमबार रात 9 बजे उस समय षोक की लहर दौड़ गई, जब एक होनहार युवक ने आत्महत्या कर ली। रवि प्रताप पिता दयाषंकर प्यासी (उम्र 28 वर्ष), जो एलएलबी का छात्र बताया जा रहा है, जिसने अपने ही घर की बाड़ी में फांसी लगाकर अपनी जीवन समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम का माहौल बन गया। परिजन युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे देखकर मृत घोशित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और षव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच षुरू कर दी है तथा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।बताया जा रहा है कि रवि प्रताप पढ़ाई में काफी होनहार था और एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। अचानक इस तरह का कदम उठाने से हर कोई स्तब्ध है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पश्ट खुलासा हो सकेगा।

# देवेंद्रनगर के जंगल में तेंदुए का हमला, बकरी चराने गई महिला गंभीर घायल

बांध के ऊपर स्थित जंगल में बकरी चराने गई एक महिला पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

**पन्ना।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार माया राव पति गया प्रसाद राव, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी दाऊवन टोला, रोज़ाना की तरह अन्य चरवाहों के साथ वन परिक्षेत्र देवेंद्रनगर के अंतर्गत बांध के ऊपर साइड वाले जंगल में बकरी चराने गई थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर साथ मौजूद अन्य चरवाहे मौके पर दौड़े, जिसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। हालांकि तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगर ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी रमाकांत गर्ग भी मौके पर पहुंचे और पीड़िता को तत्काल सहायता राशि के रूप में 1000 रुपए प्रदान किए। घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है और वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा तेंदुए की निगरानी की मांग की जा रही है।

**इनका कहना है**

"महिला को तेंदुए के हमले में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। मरीज की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।"

**डॉक्टर अभिषेक जैन**
**बीएमओ देवेंद्रनगर**



# लालची दोस्त बने कातिल! मेडिकल स्टोर संचालक का अपहरण कर पहले की लूटपाट, फिर बेरहमी से मार डाला

**सोशल मीडिया पर खबर आने के बाद परिजनों को मिली जानकारी**

**हत्यारोपियों में सतना निवासी एमआर और पन्ना का टैक्सी चालक शामिल**

**पन्ना से सटे उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के जमवारा गांव में वारदात को दिया अंजाम**





**पन्ना।**

पड़ोसी जिला बांदा उत्तर प्रदेश के नरैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जमवारा गांव में शनिवार 17 जनवरी की सुबह केन नदी किनारे झाड़ियों में मिले के शव की शिनाख्त हो चुकी है। मृतक फार्मासिस्ट तौहीद हसन पन्ना के कटरा मोहल्ला का निवासी और पेशे से मेडिकल स्टोर संचालक था। मृतक की शिनाख्त उसके चाचा सीएमओ मेहमूद हसन ने की है। तौहीद को बेरहमी से मौत के घाट उतारने वाले कोई और नहीं बल्कि वे हमउम्र लोग हैं, जिन्हें वह अपना दोस्त समझता था। सनसनीखेज अंधे क़त्ल की अब तक की जांच-पड़ताल में पता चला है कि शनिवार की सुबह फजिर की नमाज पढ़ने के बाद मस्जिद से बाहर निकले तौहीद को बादल शहीद बाबा की मजार के पास से उसका एमआर दोस्त आनंद गुप्ता, राशिद खान और अन्य साथी अगवा करके कार से ले गए थे। कथित तौर पर दोस्तों ने तौहीद को बांदा जिले के जमवारा गांव में सूनसान स्थान पर ले जाकर उसके पास मौजूद नकदी रुपए, मोबाइल जबरन छीन लिया। और फिर लूटपाट का विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से तौहीद के सिर एवं चेहरे में कई जानलेवा प्रहार कर उसे बड़ी ही बेरहमी से कत्ल कर दिया। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर, बेटे के रात 10 बजे तक घर न लौटने से चिंतित-परेशान परिजनों को जब सोशल मीडिया पर आई ख़बरों के माध्यम से घटना की जानकारी लगी तो हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी अनुसार तौहीद हसन पन्ना के कटरा मोहल्ला में कोतवाली चौराहा के समीप रहने वाले वरिष्ठ शिक्षक मक़सूद हसन का इकलौता पुत्र था। फार्मासिस्ट का कोर्स करने के बाद कुछ माह पूर्व ही उसने पन्ना के बस स्टैंड में मेडिकल स्टोर खोला था। विनम्र, शांत और धार्मिक स्वाभाव वाला तौहीद सब-ए-मिराज के मौके पर देर रात तक तिलावत करने के बाद शनिवार 17 जनवरी 2026 को अल सुबह फजिर की नमाज पढ़ने के बाद जब मस्जिद से बाहर निकला तो बादल शहीद बाबा की दरगाह के पास उसे सतना निवासी पेशे से एमआर दोस्त आनंद गुप्ता, राशिद खान व अन्य साथी मिल गए। कथित रूप से सभी युवक तौहीद को अगवा कर अपनी कार से पड़ोसी जिला बांदा उत्तर प्रदेश के नरैनी थाना अंतर्गत जमवारा गांव ले गए। जहां गांव के बाहर केन नदी किनारे स्थित झाड़ियों के पास सूनसान स्थान पर लालची दोस्तों ने उसके पास मौजूद नकदी रुपए, मोबाइल जबरन छुड़ा लिया। और फिर लूटपाट का विरोध करने से बौखलाए आरोपियों ने धारदार हथियार से तौहीद के सिर एवं चेहरे पर कई जानलेवा प्रहार कर उसे बड़ी ही बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इधर, पन्ना में परिजन बेटे के घर न लौटने और उससे कोई संपर्क न होने से काफी चिंतित-परेशान थे। जमवारा गांव में खून से लथपथ अज्ञात युवक का शव मिलने की देर रात जब ख़बरें वायरल हुई तो परिजन स्तब्ध रह गए। अनहोनी की आशंका के चलते आनन-फानन में मृतक के चाचा सीएमओ मेहमूद हसन और रिश्ते के भाई आरिफ खान ने जमवारा ग्राम पहुंचकर जानकारी जुटाई तो पता चला शव को पुलिस दोपहर में ही नरैनी थाना ले गई। नरैनी पहुंचकर थाना में सम्पर्क किया तो पुलिस आरक्षक उन्हें बांदा स्थित मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी ले गए, जहां शव को पोस्टमार्टम के लिए रखा गया था। खून से लथपथ भतीजे की लाश को सामने देख मेहमूद हसन की आंखें भर आईं और कलेजा बैठ गया। परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि, एमआर आनंद गुप्ता निवासी सतना व राशिद खान निवासी राजाबाबू कॉलोनी पन्ना व अन्य कार से तौहीद को जमवारा लेकर आए थे। अपुष्ट जानकारी अनुसार आरोपियों को नरैनी पुलिस द्वारा तत्परता से हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की जा रही है। जघन्य हत्याकांड में अन्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।उल्लेखनीय है कि पुलिस ने अभी इस मामले का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। पीड़ति परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की लूटपाट के इरादे से उसके ही दोस्तों के द्वारा निर्ममतापूर्वक हत्या की गई है। जवान बेटे के क़त्ल की वारदात का पता चलने के बाद से हसन परिवार मातम में डूबा है। वहीं नगर में भी शोक की लहर व्याप्त है।

## अमानगंज में एक ही रात में कई दुकानों के ताले टूटे, नकदी व सामान चोरी



**अमानगंज।** नगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक के बाद एक कई दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटनाएं 19 जनवरी 2026 की रात से 20 जनवरी 2026 की दरम्यानी रात की बताई जा रही हैं। पीड़ति दुकानदारों की शिकायत पर अमानगंज थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 शिवानी लॉज के पास फोटो कॉपी की दुकान संचालक सौरभ तिवारी ने बताया कि दुकान बंद कर घर जाने के बाद सुबह सूचना मिली कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। जांच में गल्ले में रखी करीब 4 हजार रुपये नकदी गायब मिली। इसी तरह वार्ड क्रमांक 10 शाला मोहल्ला स्थित किराना दुकान से लगभग 1 हजार रुपये नकद व करीब 2 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ। वार्ड क्रमांक 12 नया बस स्टैंड क्षेत्र की दुकान से अज्ञात चोरों ने करीब 5 हजार रुपये नकद एवं लगभग 9 हजार रुपये के सिगरेट पैकेट चुरा लिए। वहीं शिवानी लॉज के पास मोबाइल दुकान से एक मोबाइल फोन, 250 रुपये नकद तथा अन्य सामान चोरी किया गया। ग्रामीण बैंक के पास स्थित जनरल स्टोर का ताला तोड़कर 7 हजार रुपये नकद व लगभग 3 हजार रुपये का सामान ले जाने की भी शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके अलावा अन्य दुकानों व प्रतिष्ठानों में भी ताले तोड़े गए, हालांकि कुछ स्थानों पर चोरी का कोई सामान नहीं मिला। कुल मिलाकर चोरों द्वारा करीब 35 हजार रुपये नकद एवं सामान की चोरी किए जाने का अनुमान लगाया गया है। पुलिस ने सभी पीड़तिों की शिकायत पर मामला दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धारा 331(4) एवं 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है तथा जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी का दावा कर रही है।



## प्रबंध संचालक ने निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

**पन्ना।**

म.प्र. जल निगम के प्रबंध संचालक व्ही.एस. चौधरी कोलसानी एवं मुख्य महाप्रबंधक अजय दिवाकर ने गत दिवस कटनी सहित पन्ना जिले में विभिन्न निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की अद्यतन प्रगति का जायजा लिया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मझगांय बांध के पूर्ण होने पर जल जीवन मिशन योजनांतर्गत सिंघौरा-2, मझगांय योजना एवं लवकुशनगर मल्टीविलेज स्कीम से संबंधित ग्रामों को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान बांध निर्माण में तेजी लाने के निर्देश जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा एवं टीम को दिए गए। तीनों योजनाओं के इंटेकवेल का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही एसडीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्र की आवश्यक स्वीकृतियों को शीघ्र पूर्ण कराने के संबंध में चर्चा की, जिससे ग्रीष्मकाल तक कार्य पूर्ण किया जा सके। अधिकारियों द्वारा पवई-ब्यारमा योजना के जलशोधन संयंत्र का निरीक्षण तथा पवई-2 योजना अंतर्गत कटनी में नवनिर्मित कार्यालय भवन का भ्रमण किया गया। यहां सभी परियोजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन के दौरान आने वाले बाधाओं की समीक्षा बैठक ली और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। इस दौरान महाप्रबंधक पन्ना शिवम सिन्हा, महाप्रबंधक छतरपुर अनमोल कोछड़ एवं अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा लिस्यू हायर सेकेंडरी विद्यालय पन्ना में आयोजित किया गया यातायात जागरुकता प्रशिक्षण सत्र

**कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं यातायात प्रभारी पन्ना द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके अनुपालन हेतु प्रेरित किया गया।**




**पन्ना।**

पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" थीम पर दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर में कमी लाना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के दिशा-निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान एवं यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार द्वारा दिनांक 19 जनवरी 2026 को लिस्यू हायर सेकेंडरी विद्यालय, पन्ना में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान तेज गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चलाना, ब्रेकिंग डिस्टेंस न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, ओवरलोडिंग तथा खराब सड़कों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बताया गया। इनसे बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आमजन को इमरजेंसी केयर के विषय में जागरूक किया गया तथा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राहवीर योजना (तैं-टममतै बीमउम) की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने वाले व्यक्ति को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 25,000 की नगद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त ऐसे 10 राहवीरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया जाएगा, जिन्हें 1,00,000 की नगद राशि प्रदान की जाएगी। राहवीर योजना से जहां सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार संभव होगा, वहीं युवा वर्ग एवं आम नागरिक पीड़तिों की सहायता के लिए आगे आएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आएगी। इस प्रेरणादायक प्रशिक्षण सत्र के अंत में करीब 500 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई, जिसके पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

# फूल सिंह बरैया का पुतला फूंका

**पन्ना।**



विगत कुछ दो दिनों पूर्व फूल सिंह बरैया द्वारा बेटियों के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में समाजसेवी अंकित पाठक द्वारा सिमरिया थाना तिगड्डा पर फूल सिंह बरैया का पुतला फूंका गया अंकित पाठक ने सख्त लहजे में कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने महिलाओं के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान दिया है जो घोर निंदनीय है बरैया द्वारा बहुत ही गलत तरीके से यह बयान दिया गया है जिससे पूरे भारत में उनका विरोध हो रहा है सर्व समाज आहत है मे कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं क्या कांग्रेस की भी महिलाओं के प्रति बच्चियों के प्रति यही मानसिकता है कांग्रेस पार्टी के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ऊपर से राहुल गांधी व्यान देने की दूसरे दिन ही उनको साथ लेकर चल रहे हैं एक तरफ प्रियंका गांधी कहती हैं कि मैं महिला हूं लड़की हूं बेटियों का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगी उनके लिए लड़ सकती हूं और दूसरी तरफ कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा यह उनका निजी बयान बताना पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है उनकी ही पार्टी के विधायक द्वारा इतना घटिया बयान दिए जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा इतने निंदनीय बयान के विरुद्ध कार्यवाही करने की बजाय उनका व्यक्तिगत बयान बता रही है युवा समाजसेवी ने संकल्प लिया कि जिस दिन भी फूल सिंह बरैया पन्ना की धरती पर आएंगे उसी दिन उनके मुंह पर कालिख पोतकर जूते की माला पहनाई जाएगी उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शासन प्रशासन द्वारा यदि उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं की जाती उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होती तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी पुतला दहन कार्यक्रम में अंकित पाठक,शिव पाठक ,महेंद्र पटेल ,दयाशंकर द्विवेदी,सज्जन पटेल,अंतिम पाठक,सत्यम शर्मा ,अनुराग दुबे,दीपक दिक्षित, ओमकार विश्वकर्मा,राजू रजक,पीयूष गुप्ता आदि शामिल रहे।




## जनसुनवाई में आए 23 आवेदन

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 23 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कलेक्टर ऊषा परमार, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

## खबर संक्षेप

### 220 के.व्ही.उपकेन्द्र छतरपुर में ट्रांसफार्मर स्थापित होने से कल विद्युत प्रभाव अवरूद्ध रहेगा

छतरपुर। कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने विद्युत उपभोक्ताओ को सूचित करते हुए बताया कि वितरण केंद्र छतरपुर अंतर्गत 220 के.व्ही. उपकेंद्र छतरपुर में 200 एमबीए ट्रांसफार्मर स्थापित होना है, जिसके लिए 22 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। 33 के.व्ही.बसारी फीडर के प्रभावित क्षेत्र उपकेन्द्र चंद्रपुरा, गढ़ी मल्हरा के उपकेन्द्र हमा, मऊ सहानियां में उपकेन्द्र देवपुर, 33 के.व्ही.लुगासी फीडर, ढढारी फीडर, डुमरा 1 फीडर के महाराजपुर, 33 के.व्ही. महेड एवं इमलिया, हरपालपुर, अलीपुरा एवं गर्रोली एवं 33 के.व्ही. लाईन से संबंधित समस्त क्षेत्र में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। आवश्यकता अनुसार उक्त कार्य की समय अवधि घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल कर सकते हैं।

### युवक ने तीन लोगों पर लगाए आप्राकृतिक कृत्य के आरोप

**पीड़ति ने एसपी से की दोबारा मेडिकल कराने की मांग**

छतरपुर। जिले के थाना चंदला अंतर्गत ग्राम चरहीपुरवा के एक युवक ने तीन दबंगों पर खेत में बंधक बनाकर आप्राकृतिक कृत्य करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपियों ने कट्टे की नोक पर उसके साथ दरिंदगी की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ति का आरोप है कि स्थानीय थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को दरकिनार करते हुए साधारण मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित युवक के अनुसार, गत 13 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे वह अपने खेत में मटर की फसल देखने गया था। वहाँ पहले से मौजूद तीन आरोपी, जो शराब और अवैध कट्टे से लैस थे, ने उसे जबरन पकड़ लिया और निर्वस्त्र कर उसके साथ बारी-बारी से आप्राकृतिक कृत्य किया। इस दौरान आरोपियों ने कट्टे में गोली भरकर उसे शोर मचाने पर जान से मारने और खेत में दफनाने की धमकी दी।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 136 आवेदनों पर हुई सुनवाई



छतरपुर। मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया द्वारा सुनवाई की गई। साथ ही तीन अलग-अलग शिकायती आवेदकों का तत्काल निराकरण कराया गया। जिला पंचायत सीईओ ने शेष शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुए तत्काल निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुडे रहे।

जनसुनवाई में आए आवेदक दिव्य शक्ति दिव्यांग स्व सहायता समूह के दिव्यांग संतोष साहू एवं अन्य दिव्यांगसाथियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन में बताया गया कि स्वरोजगार के लिए घुवारा नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में केंटीन स्थापित करने की अनुमति दी जाए। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने समस्या का समाधान करते हुए एवं दिव्यांगजनों के स्वरोजगार एवं आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत घुवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के बाहर केंटीन स्थापित कराने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। सीएमएचओ ने बीएमओ को तत्काल निर्देशों के पालन करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पहुंची विद्या गुप्ता द्वारा बताया गया कि उनके आधार कार्ड में उनके नाम की कुछ मीनिंग गलत अंकित है। जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और वह परेशान है। आधार कार्ड को तीन बार अपडेट कराने के बाद भी रिजेक्ट होने की वजह से सुधार नही हो पा रहा है। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर राहुल तिवारी ई गवर्नेंस प्रबंधक द्वारा तत्काल आधार कार्ड में सही दस्तावेजों के आधार पर सुधार कराया गया। जिससे विद्या के आधार कार्ड में नाम सुधर गया। उन्होंने इस कार्य के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया है। इसके अलावा ग्राम रजपुरवा तहसील चंदला की निवासी चन्द्रकुंवर राजपूत जनसुनवाई में पहुंची। जिनकी हाथों की उंगलियों में समस्या होने की वजह से आधार कार्ड नही बन पा रहा था। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर महिला का तत्काल रूप से आधार पंजीयन कराया गया।

जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त 136 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।

### नगर परिषद कर रही लापरवाही

**कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने दी चेतावनी**



बकस्वाहा। नगर परिषद बक्सवाहा के गैर-जिम्मेदार रवैये को लेकर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है, जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि परिषद ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उग्र आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय दुबे ने नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई वार्डों में नियमित पेयजल आपूर्ति ठप है, जिससे नागरिकों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। इसके साथ ही नगर के अनेक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिसके कारण रात के अंधेरे में राहगीरों को आवागमन में असुविधा हो रही है और असामाजिक तत्वों का भय बना रहता है। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि नालियां पूरी तरह जाम हैं और कचरा प्रबंधन न होने से मोहल्लों में गंदगी का अंबार लगा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने नगर परिषद को अल्टीमेटम दिया है कि जनहित की इन समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाए, अन्यथा वे जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## क्रिकेट मैच के दौरान विवाद, दबंगों ने घर में घुसकर दी जान से मारने की धमकी



छतरपुर। खजुराहो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छन्ना पुरवा टिकरी में क्रिकेट मैच के दौरान उपजा मामूली विवाद खूनी संघर्ष और धमकियों में बदल गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई है कि दबंगों ने न केवल खेल के मैदान में बच्चे के साथ मारपीट की, बल्कि बाद में हथियारों से लैस होकर घर पर धावा बोल दिया।

छन्ना पुरवा निवासी विजय सिंह यादव ने बताया कि गत 18 जनवरी को गांव के पास क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही थी। मैच के दौरान जब उनका पुत्र रामविहीन यादव गेंद पकड़ने गया, तभी वहां मौजूद बद्रीप्रसाद अवस्थी और उनके साथियों ने बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए बच्चे की पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के हस्तक्षेप से उस वक्त मामला शांत हो गया, लेकिन कुछ ही देर बाद आरोपी पक्ष के लोग अवैध हथियारों के साथ विजय सिंह के घर जा धमके। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी प्रभावशाली व्यक्ति हैं, जिसके कारण स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है।

## छतरपुर में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य ने पकड़ी रफ्तार




**60 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण, प्रतिदिन 400 मतदाताओं की हो रही सुनवाई**

छतरपुर। तहसील में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जिला प्रशासन की देखरेख में तेजी से संचालित किया जा रहा है, जिसका लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है। निर्वाचन शाखा में मतदाताओं के फॉर्म में पाई गई त्रुटियों को सुधारने के लिए अधिकारियों की उपस्थिति में निरंतर सुनवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार छतरपुर तहसील में कुल 5083 मतदाताओं के आवेदनों में कमियां पाई गई हैं। इन प्रकरणों के निराकरण के लिए निर्वाचन शाखा में 8 विशेष काउंटर बनाए गए हैं, जहाँ प्रतिदिन लगभग 400 मतदाताओं की सुनवाई सुनिश्चित की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी अखिल राठौर ने बताया कि 5 जनवरी से शुरू हुई यह प्रक्रिया 29 जनवरी तक चलेगी। वर्तमान में अधिकतर त्रुटियां माता-पिता के नाम और वर्ष 2003 की गणना के आधार पर मृत दर्शाए जाने से संबंधित आ रही हैं। सुनवाई के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई जा रही है। इस कार्य में तहसीलदार, नायब तहसीलदार और जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित 8 सदस्यीय टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

## पटवारी पर रिकॉर्ड सुधारने के बदले रिश्वत और पक्षपात के आरोप, जनसुनवाई में हुई शिकायत

**दबंगों द्वारा परिवार की महिला के साथ अभद्रता, पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी**

छतरपुर



जिले की गौरिहार तहसील अंतर्गत ग्राम खेरा के एक पीड़ित परिवार ने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में जहाँ एक ओर हल्का पटवारी पर अपने ही गृह ग्राम में पदस्थ रहकर शासकीय अभिलेखों में हेराफेरी और भारी भ्रष्टाचार करने के आरोप लगे हैं, वहीं दूसरी ओर दबंगों द्वारा परिवार की महिला के साथ अभद्रता करने और राजीनामा न करने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देने का गंभीर मामला भी सामने आया है।

खेरा निवासी संतोष सिंह ने बताया कि पटवारी रामऔतार वर्मा, जो मूल रूप से इसी क्षेत्र का निवासी है, शासन के नियमों के विरुद्ध अपने निज निवास ग्राम में पदस्थ है। आरोप है कि पटवारी द्वारा नामांतरण, बंटवारा और रिकॉर्ड सुधार के बदले अवैध रूप से रुपयों की मांग की जा रही है। एक विशिष्ट मामले में बैंक में बंधक भूमि (खसरा नंबर 398/1) को आर्थिक लाभ लेकर गलत तरीके से क्रेता के पक्ष में नामांतरित करने का भी आरोप लगाया गया है। इसी विवाद के बीच परिवार की महिला के साथ दबंग युवक द्वारा छेड़खानी की गई, जिसकी शिकायत करने पर अब आरोपी पक्ष द्वारा राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने कलेक्टर से मांग की है कि पटवारी का स्थानांतरण अन्य तहसील में किया जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

## मानसिक प्रताड़ना का आरोप, बच्चों के भविष्य को लेकर जताई चिंता



छतरपुर। शहर की विश्वनाथ कॉलोनी निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दी जा रही निरंतर मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि पिछले नौ वर्षों से उसे घरेलू विवाद और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, जिससे न केवल उसका वैवाहिक जीवन प्रभावित हो रहा है बल्कि उसके मासूम बच्चों के भविष्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय अंजुल कुमार सोनकिया ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उसकी पत्नी रुचि सोनाकिया अपने मायके पक्ष के उकसावे में आकर आए दिन घर में विवाद करती है। पीड़ित के दो पुत्र हैं, लेकिन ससुराल पक्ष के हस्तक्षेप और भड़काऊ व्यवहार के कारण घर का वातावरण पूरी तरह खराब हो चुका है। युवक ने जानकारी दी कि वह पहले भी नौगांव थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज करा चुका है, जहाँ उसकी एनसीआर भी काटी गई थी, परंतु स्थिति में कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आया। पीड़ित का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे वह अत्यंत तनाव में है। युवक ने अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा व मानसिक शांति हेतु प्रशासन से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है ताकि भविष्य में किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

## पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट देकर किया जागरुक



ईशानगर। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा को लेकर ग्राम सुरक्षा पथ अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में ईशानगर पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ सुरक्षा उपकरणों का वितरण भी किया है।

थाना प्रभारी मनोज गोयल और उनकी टीम ने गत रोज ईशानगर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, दिल्ली के सहयोग से दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। इस दौरान वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता समझाते हुए बताया गया कि यात्रा के दौरान सिर की सुरक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही, रात्रिकालीन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष रेडियम अभियान भी चलाया गया। इसके अंतर्गत क्षेत्र से गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया और विशेषकर कृषि वाहनों पर रेडियम पट्टियां लगाई गईं ताकि रात के अंधेरे में वाहनों की दृश्यता बनी रहे और संभावित टक्करों से बचा जा सके। इस सुरक्षात्मक पहल में पुलिस टीम के साथ-साथ पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### ललपुर के ग्रामीणों की राह में बाधा बनी नदी



छतरपुर। राजनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ललपुर के अंतर्गत आने वाले एक गाँव के निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। गाँव और मुख्य मार्ग के बीच बहने वाली नदी पर पुल न होने के कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग को लेकर प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे ललपुर पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अपने खेतों तक जाने और बच्चों को स्कूल पहुँचाने के लिए हर दिन नदी पार करनी पड़ती है, जो बारिश के दिनों में और भी खतरनाक हो जाती है। संपर्क मार्ग न होने से गाँव में एम्बुलेंस और अन्य सरकारी सेवाएँ समय पर नहीं पहुँच पातीं। इस समस्या के कारण न केवल बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि लगभग 1600 ग्रामीण शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी पूरी तरह कटे हुए हैं। इस समस्या को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गगन यादव और राजनगर क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री कविता सिंह ने ग्रामीणों की व्यथा रखते हुए प्रशासन से शीघ्र पुल निर्माण की मांग की। कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आगामी समय में उग्र प्रदर्शन हेतु विवश होंगे।

## अवैध उत्खनन पर कलेक्टर की बड़ी कार्यवाही, कंपनी संचालक पर मामला दर्ज



**खेल मैदान और सरकारी भूमि से निकाली जा रही लाखों की मुरम**

छतरपुर। जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम निवारी और ढड़ारी गांव में फोरलेन निर्माण के नाम पर किए जा रहे अवैध उत्खनन के मामले में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने एमकेसी कंपनी के संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर भारी जुर्माने की कार्यवाही प्रस्तावित की है। हालांकि, शासकीय शिकंजा कसने और मामला न्यायालय में पहुँचने के बावजूद क्षेत्र में मशीनों की गर्जना थमी नहीं है, जिससे प्रशासनिक तंत्र की सख्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि निवारी और ढड़ारी क्षेत्र में एमकेसी कंपनी द्वारा बिना किसी वैध स्वीकृति के बड़े पैमाने पर मुरम का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था। खनिज विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कंपनी संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सरकारी आकलन के मुताबिक निवारी गांव में करीब 16 लाख और ढड़ारी गांव में 34 लाख रुपये की मुरम अवैध रूप से निकाली गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने बच्चों के खेल मैदान की भूमि को भी नहीं बख्शा और वहां से रात के अंधेरे में मुरम चोरी की गई। इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी अखिल राठौर का कहना है कि प्रकरण दर्ज होने के बाद भी यदि उत्खनन कार्य जारी है, तो जल्द ही मशीनों को जब्त कर और भी कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों संग मनाया बेटी का जन्मदिन



छतरपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बॉबी राजा ने अपनी सुपुत्री रिद्धि-सिद्धि का जन्मदिन एक अनूठे और सेवाभावी अंदाज में मनाया। चकाचौंध से दूर उन्होंने समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले परिवारों के बीच पहुँचकर खुशियाँ साझा कीं, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है। विवरण के अनुसार, बॉबी राजा ने अपनी बेटी के जन्मदिवस के अवसर पर शहर की झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों में जाकर गरीब बच्चों और परिवारों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों के बीच केक काटा और उन्हें टॉफी व बिस्किट वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने लगभग 40 झुग्गी-झोपड़ी परिवारों को मिठाई के पैकेट भी बांटे। बॉबी राजा ने कहा कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखना ही जन्मदिन का असली उपहार है और वह चाहते थे कि उनकी बेटी भी बचपन से ही सेवा के इन संस्कारों को सीखे। इस दौरान बस्ती के लोगों ने भी नन्ही रिद्धि-सिद्धि को आशीर्वाद प्रदान किया।

**मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के एनएससी में अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता**

## एनसीएल एनएससी में अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025 -26 का हुआ शुभारंभ




**सिंगरौली। सोमवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के एनएससी में अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ हुआ। 19 जनवरी से 23 जनवरी, 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों से 192 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।**

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान सीएमएस, एनसीएल डॉ. विवेक खरे, सीएमएस, एनएससी, डॉ. पंकज, परियोजना जेसीसी सदस्य, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स, परियोजना से विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 लीग कम नॉकआउट के आधार पर खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को खेला जाएगा। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष अपने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु वर्ष भर अनेक खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में स्टेशन स्तरीय पीसी कन्वेंशन का भव्य आयोजन



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में 19 जनवरी 2026 को स्टेशन स्तरीय प्रोफेशनल सर्कल (पीसी) कन्वेंशन–2025 का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन कार्यपालकों के बीच ज्ञान-साझाकरण, नवाचार तथा पेशेवर उत्कृष्टता की सशक्त संस्कृति को पुनः सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। यह कन्वेंशन श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन में आयोजित हुआ, जिनके सतत नेतृत्व और सहयोग से स्टेशन पर प्रोफेशनल सर्कल गतिविधियों को निरंतर मजबूती मिली है। कन्वेंशन में कुल 18 टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जो विभिन्न विभागों के बीच बढ़ते समन्वय और सहभागिता को दर्शाता है। प्रस्तुतियों में व्यावहारिक समाधान, नवाचारी विचार तथा संगठनात्मक सीख एवं पुनरावृत्ति की व्यापक संभावनाएँ स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुईं।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) तथा श्री सुनील मिश्रा, प्रमुख (ईईएमजी–सासन) शामिल थे। विस्तृत मूल्यांकन के पश्चात शीर्ष तीन प्रोफेशनल सर्कलों की घोषणा की गई। प्रथम पुरस्कार टीम "सस्टेनबिलिटी" को प्रदान किया गया, जिसमें श्री विजय कुमार, उप महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स), श्री राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक (ईईएमजी) तथा डॉ. विपिन कुमार उपाध्याय, प्रबंधक (केमिस्ट्री) शामिल रहे। द्वितीय पुरस्कार टीम "पहल" को मिला, जिसमें श्री अभिषेक जैन, वरिष्ठ प्रबंधक (ईएमडी), श्री दिनेश प्रभु आर., वरिष्ठ प्रबंधक (ईएमडी) एवं श्री सौरभ कुशवाहा, वरिष्ठ प्रबंधक (ईएमडी) शामिल रहे। तथा तृतीय पुरस्कार टीम "निरंतर" ने प्राप्त किया, जिसमें श्री सदानंद डोंगरे, वरिष्ठ प्रबंधक (पी एंड एस), श्रीमती वंदना कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (एफईएस) तथा श्रीमती अनम खान, अधिकारी (मानव संसाधन) शामिल रही। इस प्रकार की ज्ञान-साझाकरण पहलें न केवल सहयोग को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि सतत सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देती हैं तथा स्टेशन की बिजनेस एक्सीलेंस (BE) पहलों के साथ समन्वय को मजबूत करते हुए संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

## खबर संक्षेप



### कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

**रीवा** । पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह क्रम लगातार बना हुआ है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, प्रभारी खनिज अधिकारी बसंतराम, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, टीआर टेकाम, अन्य संभागीय अधिकारी तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। कई अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने के लिए ई रिक्शा और ई स्कूटी का उपयोग किया।

### गणतंत्र दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ जरूरीः अजय खरे

**रीवा** । समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया जाना चाहिए। संविधान की मूल भावना से सभी को अवगत होना बहुत जरूरी है। श्री खरे ने कहा कि प्रस्तावना संविधान की मार्गदर्शिका है। इसमें देश की आजादी के आंदोलन से उपजे मूल्यों का गहरा प्रभाव है। लंबे समय के संघर्ष, त्याग और बलिदान के चलते मिली आजादी के मूल्यों को बखूबी सहेजा गया है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संविधान का समतावादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य का स्वरूप बरकरार है। संविधान के साथ किसी तरह का खिलवाड़ देश की आजादी के मूल्यों की अवहेलना और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का घनघोर अनादर होगा। विविधता में एकता भारत की सांस्कृतिक विरासत है। धर्मनिरपेक्ष स्वरूप ने भारत की संप्रभुता एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान की है। श्री खरे ने कहा कि राज्य अपने नागरिकों के लिए समदृष्टि समभाव रखेगा। किसी तरह का भेदभाव और अन्याय नहीं होने देगा। श्री खरे ने कहा कि धर्म नितांत निजी आस्था का विषय है। किसी भी धर्म के आधार पर राष्ट्र की अवधारणा तय नहीं की जा सकती है। साझी शहादत, साझी विरासत भारत की असली पहचान है।

### बाल विवाह मुक्त अभियान को सांसद सीधी राजेश मिश्रा ने दिखाई हरी झंडी

**रीवा**। जिला सीधी को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की पार्टनर संस्था कनपुरा कुटुंबकम संस्थान द्वारा जिले में प्रचार प्रसार हेतु बाल विवाह मुक्त रथ तैयार किया गया जिसे सीधी जिला के सांसद माननीय डॉक्टर राजेश मिश्रा जी द्वारा जिले में बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर सीधी जिले के गांव गांव में भ्रमण हेतु रवाना किया गयाबाल विवाह को रोकने हेतु पूरे सीधी जिले के गांव-गांव में यह रथ महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा जी के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम किया जा रहा है संस्था के डायरेक्टर लाल योगेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीधी जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है संस्था द्वारा ऐसे प्रयास सीधी जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु पहले से भी किया जा रहे हैं संस्था की कोऑर्डिनेटर आंचल सिंह द्वारा यह बताया गया कि बाल विवाह मुक्त रथ के अलावा हम स्कूलों में भी गांव में भी जाकर बाल विवाह मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी खुद को बीजेपी नेता बताने वाले व्यक्ति पर आरोप

**रीवा**। जिले से नौकरी के नाम पर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में चपरासी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला से 5 लाख रुपये ठगने का आरोप खुद को भारतीय जनता पार्टी का नेता बताने वाले व्यक्ति पर लगा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अपने राजनीतिक रसूख का हवाला देकर उसे भरोसे में लिया और कथित तौर पर कलेक्टर से फोन पर बातचीत कर अपना रौब भी दिखाया। पीड़िता प्रतिमा देवी, ने बताया कि आरोपी डॉ. रामसखा वर्मा ने खुद को बीजेपी से जुड़ा प्रभावशाली नेता बताते हुए उसे विश्वविद्यालय में चपरासी की सरकारी नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। इसके एवज में उसने अलग-अलग किश्तों में कुल 5 लाख रुपये ले लिए। लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद न तो उसे नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस किए गए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसे विश्वास दिलाने के लिए अपने राजनीतिक संबंधों का खुलकर प्रदर्शन किया।



आरोप है कि उसने महिला के सामने कलेक्टर को फोन लगाया और फोन पर बातचीत कर खुद को प्रभावशाली साबित करने की कोशिश की। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी फोन पर कथित तौर पर कलेक्टर से बातचीत करता नजर आ रहा है और पीड़िता के सामने धौंस जमाता दिखाई देता है।पैसे मांगने पर शुरू की टालमटोलपीड़िता के अनुसार, जब लंबे समय तक नौकरी नहीं लगी तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। इस पर आरोपी ने आज-कल कहकर टालमटोल शुरू कर दी और अब तक एक भी रुपये वापस नहीं किए। पीड़िता का कहना है कि वह मानसिक रूप से भी परेशान है और अब न्याय के लिए प्रशासन व पुलिस से गुहार लगा रही है।पहले बीएसपी में रहा, अब खुद को बताता है बीजेपी नेताजानकारी के अनुसार, आरोपी डॉ. रामसखा वर्मा पहले बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) से जुड़ा हुआ था और पार्टी में कई पदों पर रह चुका है। बाद में उसने बीएसपी छोड़ दी और खुद को बीजेपी का नेता बताने लगा। उसके पास कई बड़े नेताओं के साथ फोटो भी हैं, जिनका इस्तेमाल वह लोगों को प्रभावित करने के लिए करता था।बीजेपी जिलाध्यक्ष ने किया किनाराइस मामले में जब बीजेपी जिलाध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने आरोपी से किसी भी तरह के संबंध से साफ इनकार किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. रामसखा वर्मा भारतीय जनता पार्टी के नेता नहीं हैं।उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे दल में लोग आते-जाते रहते हैं, लेकिन यह व्यक्ति न तो हमारा नेता है और न ही कार्यकर्ता। इस तरह के लोगों को पार्टी में कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती।

### शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रीवा के प्राचार्य बनें डॉ हृषिकेश त्रिपाठी



**रीवा** । शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य के पद पर डॉ हृषीकेश त्रिपाठी की पदस्थापना के आदेश तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा जारी किए गए है । आदेश के परिपालन में डॉ त्रिपाठी ने मंगलवार को महाविद्यालय के प्राचार्य पद का पदभार ग्रहण कर लिया है । डॉ त्रिपाठी महाविद्यालय के गणित विषय के वरिष्ठ व्याख्याता के पद पर पूर्व से कार्यरत थे। डॉ हृषीकेश त्रिपाठी के शा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य के पद पर पदस्थापना होने पर महाविद्यालय के सभी व्याख्याताओं , अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओ ने हर्ष व्यक्त किया है ।

## सिरमौर मार्ग पर सड़क हादसा, स्कॉर्पियो-ट्रक की सीधी टक्कर में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**रीवा**

रीवा–सिरमौर मार्ग पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझगवां के समीप स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार दो युवक सहित कुल तीन लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल युवकों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो वाहन में सवार शिवेंद्र तिवारी निवासी ग्राम कंचनपुर एवं कुलदीप सिंह बघेल निवासी ग्राम मझियार अजगरहा, सिरमौर की ओर जा रहे थे। वहीं सामने से आ रहा ट्रक रीवा की ओर जा रहा था, जिसे कमलेश लोधी निवासी ग्राम मढ़ा देवरी, जिला रायसेन चला रहा था। मझगवां गांव के पास दोनों वाहनों में अचानक सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में स्कॉर्पियो सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ट्रक चालक को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बैकुंठपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया।बताया गया है कि संबंधित ट्रक बीएसएनएल कंपनी का सामान लेकर आया था, जिसे उतारने के बाद वापस लौट रहा था। इसी दौरान यह सड़क दुर्घटना घटित हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## राजस्व वसूली की समीक्षा, 20 हजार से अधिक बकायादारों पर सख्ती के निर्देश

**रीवा**। नगर पालिक निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने मंगलवार को राजस्व विभाग जोन क्रमांक-03 की राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जोन अंतर्गत साप्ताहिक राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों से वार्डवार निर्धारित लक्ष्य और अब तक की वसूली की जानकारी प्राप्त की गई। उपायुक्त द्विवेदी ने बैठक के दौरान सभी वार्ड प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जीआईएस एवं ई-पालिका पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के साथ-साथ स्वयं का डिमांड रजिस्टर अनिवार्य रूप से अपडेट रखें। उन्होंने कहा कि जब भी वार्ड प्रभारी वार्ड भ्रमण पर जाएं, उसी दौरान डिमांड रजिस्टर को अद्यतन किया जाए, ताकि वास्तविक स्थिति का सही आकलन किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि वार्ड भ्रमण के दौरान प्रत्येक भवन का परीक्षण किया जाए। इसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि भवन कमर्शियल है या रिहायशी तथा वह किराए पर है या स्वामित्व में। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित करदाता से समन्वय स्थापित कर रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार किया जाए, जिससे वास्तविक कर निर्धारण संभव हो सके।उपायुक्त ने 20 हजार रुपये से अधिक टैक्स बकाया रखने वाले करदाताओं को तत्काल डिमांड नोटिस जारी कर वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि डिमांड नोटिस जारी होने के बाद



भी यदि बड़े बकायादार टैक्स जमा नहीं करते हैं तो कमर्शियल भवनों में तालाबंदी एवं रहवासी भवनों में कुर्की की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शहर के बाहर निवास करने वाले करदाताओं से संपर्क कर ऑनलाइन माध्यम से कर भुगतान कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही नगर निगम क्षेत्र के सभी बकायादारों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर समय-समय पर संदेश भेजकर बकाया राशि की जानकारी देने को कहा गया, जिससे नागरिकों को अपनी देयता की जानकारी समय पर मिल सके और वे निर्धारित समय में टैक्स जमा कर सकें।उपायुक्त द्विवेदी ने सभी वार्ड प्रभारियों को साप्ताहिक राजस्व वसूली लक्ष्य निर्धारित कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि राजस्व वसूली में निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, राजस्व निरीक्षक रवि प्रकाश मिश्र सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान शिविरों में अनिवार्य रूप से शामिल हों लंबित पेंशन प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें

**रीवा** । कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता और संवेदनशीलता से निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। संभाग के सभी जिलों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान में प्रत्येक योजना के पात्र हितग्राही के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। इसके लिए तैनात संभागीय नोडल अधिकारी जिलों का भ्रमण करके शिविरों की व्यवस्थाओं तथा आवेदन पत्रों के निराकरण के संबंध में हर सप्ताह प्रतिवेदन दें। सभी संभागीय अधिकारी शिविरों में अनिवार्य रूप से शामिल हों तथा विभागीय आवेदन पत्रों का निराकरण कराएं। अभियान का दीवार लेखन तथा अन्य माध्यमों से प्रत्येक बसाहट में प्रचार-प्रसार कराएं। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य क्लस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित कराएं। इनमें दिव्यांगों की जाँच तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था रखें। कमिश्नर ने कहा कि लगातार निर्देशों के बावजूद अभी भी कई पेंशन प्रकरण लंबित हैं। सभी अधिकारी सात दिन की समय सीमा में सभी लंबित प्रकरण पेंशन कार्यालय में दर्ज कर दें। जो प्रकरण



विभागीय जाँच के कारण लंबित हैं उनमें एक माह की समय सीमा में विभागीय जाँच पूरी करके प्रकरण का निराकरण कराएं। संभागीय पेंशन अधिकारी लंबित प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण कराकर पीपीओ जारी कराएं। सेवानिवृत्त कर्मचारी को समय पर उसके स्वत्वों का भुगतान करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के नमूने लेकर उनकी संभाग की 11 प्रयोगशालाओं के माध्यम से जाँच कराएं। जाँच रिपोर्ट हर सप्ताह कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत करें। जाँच में पानी की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर उसके सुधार के समुचित प्रबंध करें। सिंचाई लगातार होने से भूजल स्तर में गिरावट आ रही है। जल स्तर घटने से बंद हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाकर इनका सुधार कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन पूरा हो गया है। उपार्जित धान का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को धान का तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। जिन केन्द्रों में अधिक मात्रा में धान भण्डारित है वहाँ अतिरिक्त ट्रक लगाकर धान का तत्काल परिवहन कराएं। सभी अधिकारी संभागीय स्तर के साथ-साथ जिला कार्यालय में भी ई आफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करें। संभागीय अधिकारियों द्वारा अच्छे प्रयासों के कारण रीवा संभाग ई आफिस में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। ई आफिस व्यवस्था में सीधी, मऊगंज, मैहर तथा सिंगरौली जिले पर विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल, अस्पताल तथा छात्रावासों का निरीक्षण करके इनकी व्यवस्थाओं के संबंध में प्रतिवेदन दें। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार, एसडीओ वन नितीन्द्र खण्डेलवाल, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, संयुक्त संचालक कृषि यूपी बागरी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशि श्याम उइके, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल द्बुबे तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों ने महामहिम राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

**रीवा**। युवा एकता परिषद एवं स्वामी विवेकानंद समर्थ फाउंडेशन पिछले कई वर्षो से सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रियता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में संयुक्त संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल से राजभवन में पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए सौजन्य मुलाकात की एवं स्वास्थ्य,महिला संबंधित



विषयों एवं एवीएन शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। यह मुलाकात समाज में महिलाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। इस चर्चा के दौरान महिला स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं जैसे संतुलित पोषण,व्यक्तिगत स्वच्छता,मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य,मानसिक स्वास्थ्य,ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष रूप से चर्चा की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि महिलाओं का स्वस्थ रहना न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है। इसके साथ ही एवीएन (आचार,विज्ञान एवं नैतिकता) आधारित शिक्षा पर भी जोर दिया गया। ऐसी शिक्षा महिलाओं और बालिकाओं में नैतिक मूल्यों,आत्मविश्वास,जागरूकता तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। संगठन ने इस प्रकार की शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। महामहिम राज्यपाल से भेंट के उपरांत युवा एकता परिषद व स्वामी विवेकानंद समर्थ फाउंडेशन की ओर से महामहिम को सम्मान स्वरूप शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया,जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। महामहिम राज्यपाल ने संगठनों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए महिला स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया। भेंटवार्ता के दौरान चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में डॉ. दीपक शर्मा,पंडित सचिन शर्मा 'सूर्या',रूपेश मंडलोई एवं संजय पाण्डेय शामिल रहे।

## अपर कलेक्टर ने की आमजनता के 93 आवेदनों में सुनवाई

**रीवा** । प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मध्यप्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने के लिए कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित डिप्टी कलेक्टर



जीपी अग्रवाल तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने आमजनता के 93 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई ग्राम तिवनी चौथियान टोला निवासी देवेंद्र कुमार तिवारी ने जमीन के खसरा में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। मनगवां तहसील के फूल ग्राम निवासी शिवराज वर्मा ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने लीड बैंक प्रबंधक को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम भटलो निवासी सुखीलाल मल्लाह ने बारिश से क्षतिग्रस्त मकान के मुआवजे के लिए आवेदन दिया अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को मौके पर जाँच करके आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम रौरा निवासी मानेन्द्र तिवारी ने बिजली के बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम गढ़ निवासी आशिफ खान ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामविश्वास दाहिया निवासी चोरहटा ने आमरास्ते से अवैध कब्जा हटाकर रास्ता बहाल कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में धान उपार्जन के भुगतान, जमीन के सीमांकन, भू-अर्जन की राशि प्रदान करने, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने तथा खाद्यान्न पर्ची सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अक्रियाशील 30 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस

**रीवा**।

रीवा एवं मऊगंज जिले में अकार्यशील 30 सहकारी समितियों को परिसमापन का नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि इन समितियों द्वारा तीन वर्ष से अधिक समय से कोई कार्य नहीं किया गया है। समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के तहत परिसमापन का नोटिस जारी किया गया है। समितियों को परिसमापन में लाने के पूर्व समिति के पदाधिकारी समिति के संचालन के लिए 26 जनवरी तक कार्यालय में उपस्थित होकर नोटिस का जवाब दे सकते हैं। समय-सीमा समाप्त होने के बाद तथा नोटिस का संतोषजनक उत्तर न होने पर समितियों के परिसमापन की कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि बीज उत्पादक वर्ग की महिमा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित हरिहरपुर, सिंगरौल बीज अमिलकी, बजरंग बीज पड़ोखर, प्रधान बीज अजगरहा तथा अतुल बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित खजुहा को परिसमापन का नोटिस दिया गया है। अक्रियाशील मत्स्य सहकारी समितियों में प्रगतिशील मछुआ सहकारी समिति मर्यादित चिल्ला, मछुआ झलवार, ज्योति केवट मछुआ नरसिंहपुर, बेलहा बाबा मछुआ तिलखन, दीनदयाल मछुआ सोहागी, ग्राम स्वराज मत्स्यपालन मछुआ रायपुर कर्चुलियान, बजरंग मछुआ चिरहुला, नर्मदा हरिजन मछुआ गड़रिया, जय शंकर मछुआ टटिहरा, जय माँ दुर्गा मछुआ दामोदरगढ़, आदिवासी मछुआ खैरहन तथा क्रय विक्रय मछुआ सहकारी समिति मर्यादित रामनई को परिसमापन का नोटिस दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि 12 अकार्यशील बहुउद्देशीय सहकारी समितियों को भी नोटिस दिया गया है। इनमें माधुरी महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित चाकघाट, अम्बेडकर महिला बहुउद्देशीय वार्ड क्रमांक 18, 19, सोनिया महिला बहुउद्देशीय वार्ड क्रमांक 21, सुषमा महिला बहुउद्देशीय चाकघाट, शांति महिला बहुउद्देशीय बघेड़ी चाकघाट, आदर्श महिला बहुउद्देशीय झलवा, खुशबू बहुउद्देशीय मऊगंज, आदर्श महिला बहुउद्देशीय वार्ड क्रमांक 9 रीवा, मिली महिला बहुउद्देशीय त्योंथर, महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित बेजारी, करहिया तथा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित वार्ड क्रमांक 32 रीवा को परिसमापन का नोटिस दिया गया है।

## मानसिक स्वास्थ्य से प्रभावित व तनावपूर्ण विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मऊगंज**। शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में उच्चतम न्यायालय के गाइड लाइन एवं मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा डिस्टिक टास्क फोर्स के अध्यक्ष एवं कलेक्टर , मऊगंज व प्राचार्य एवं सचिव (डीटीएफ) के मार्गदर्शन में नेशनल टास्कफोर्स एवं डिस्टिक टास्क फोर्स समिति के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य से प्रभावित एवं तनावपूर्ण विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। काउंसलर के रुप में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता राम रतन मिश्रा ने विद्यार्थियों की समस्या का समाधान करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को सकारात्मक सोच अपनाना चाहिए और किसी भी नकारात्मक विचार को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए आगे उन्होंने कहा आपका जीवन प्रथम है बाकी सारी आवश्यकताएं दूसरे स्थान पर। दूसरी



काउंसलर सुश्री मनू पाण्डेय थीं जिन्होंने हर परिस्थिति में विद्यार्थियों को संयम से निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया। काउंसलिंग के समय नोडल अधिकारी डॉ आर एन पटेल एवं सदस्य मनबोध मिश्रा एवं अन्य विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। अगली काउंसलिंग फरवरी 2026 में होनी निश्चित की गयी जिसमें विद्यार्थियों की एक-एक समस्या पर समाधानात्मक चर्चा होगी।

### मऊगंज में स्कूल बसों की सघन जांच जारी

## नियमों का पालन न करने पर होगी कठोर कार्रवाई- यातायात प्रभारी

**मऊगंज**

पुलिस अधीक्षक मऊगंज के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एसडीओपी सचि पाठक के साथ यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह द्वारा क्षेत्र में संचालित स्कूल बसों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है






इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराना रहा।चेकिंग के दौरान स्कूल बसों के दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, बीमा, ड्राइवर का लाइसेंस, ओवरलोडिंग, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी गेट, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान कई बसों में आवश्यक दस्तावेजों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं में कमियां पाई गईं।पाई गई कमियों को लेकर संबंधित बस चालकों एवं बस में तैनात सहायकों को मौके पर ही समझाइश दी गई। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी कमियों को एक सप्ताह के भीतर दूर कर इसकी सूचना यातायात विभाग को अनिवार्य रूप से दें।अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के बाद पुनः चेकिंग की जाएगी। यदि दोबारा जांच के दौरान किसी भी बस में कमी पाई जाती है, तो संबंधित स्कूल प्रबंधन, बस चालक एवं संचालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्कूल संचालकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इस सघन चेकिंग अभियान से स्कूल बस संचालकों में हड़कंप मचा रहा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी है।